Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
सं0 संख्या – 03/भू0अ0नि0 (3) विविध–21/2020...11417

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवाल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल,
सहरसा, मधेपुरा, पश्चिम चम्पारण, बाँका, जमुई, शेखपुरा,
मुंगेर एवं नालन्दा।

पटना, दिनांक :– 08-12-2020

विषय :– नवनियोजित एवं पदस्थापित कर्मियों द्वारा अभिलेख/भाउचर निदेशालय भेजने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत आपके अधीनस्थ बन्दोबस्त कार्यालय में नवनियोजित संविदा कर्मियों यथा– विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक का पदस्थापन किया गया।

योगदान के समय कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा लैपटॉप/मोबाईल/अन्य से संबंधित Bill की मूल/छायाप्रति अभिलेख जमा नहीं किए जाने के बाद भी अभ्यर्थी द्वारा आग्रह किए जाने पर उसे यथाशीघ्र संबंधित अभिलेख जमा करने के निदेश के साथ योगदान स्वीकृत करते हुए उनका पदस्थापन विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों में किया गया।

उल्लेखनीय है कि कतिपय संविदा कर्मियों द्वारा योगदान के उपलब्ध नहीं कराये गए लैपटॉप/मोबाईल/अन्य अभिलेख सीधे निदेशालय को भेजा जा रहा है। उक्त प्रेषित पत्र में कर्मियों द्वारा अधूरा सूचना देने के कारण उसके द्वारा भेजे गए अभिलेख को उससे संबंधित फोल्डर में संधारण करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः अनुरोध है कि आपके अधीनस्थ बन्दोबस्त कार्यालय में पदस्थापित नवनियोजित संविदा कर्मियों को इस आशय की सूचना उपलब्ध करा दें कि किसी प्रकार का अभिलेख/भाउचर/पत्राचार आदि सीधे निदेशालय में न भेजकर बन्दोबस्त कार्यालय में जमा करें। बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा निम्न सूचना के साथ संबंधित कर्मियों द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेख को निदेशालय भेजने की कार्रवाई की जाय :–

क्र0	कर्मी का नाम	पदनाम	Employee ID	Application ID	पदस्थापन आदेश सं0 एवं दिनांक	अभिलेख का विवरण	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (3) विविध–21/2020...11417 **पटना, दिनांक :–** 08-12-2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/सभी संबंधित नवनियोजित संविदा कर्मी को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Dev- 2020\Rakesh Ariya\Director\ -2020-02-12-2020 doc